Regarding opening of Zoo in Dhanbad

श्री दुलू महतो **(धनबाद) :** आदरणीय सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहूंगा । केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र का सर्वेक्षण चिड़ियाघर स्थापित करने के उद्देश्य से किया था । सर्वेक्षण के दौरान आमाघाटा क्षेत्र को चिड़ियाघर स्थापित करने के लिए सभी मापदंड पर उपयुक्त पाया गया है । यह क्षेत्र जी.टी. रोड एन.एच. - 19 के समीप होने के कारण पर्यटकों के लिए चिड़ियाघर पहुंचने में सुगमता प्रदान करेगा ।

महोदया, धनबाद संसदीय क्षेत्र में कोयला खनन गतिविधियों के कारण, राज्य एवं अंतरराज्यीय परिवहन व्यवस्था व्यापक रूप से विकसित है । यह क्षेत्र एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है । साथ ही, धनबाद संसदीय क्षेत्र में कई सरकारी/गैर सरकारी कम्पनियां कार्यरत हैं । इस कारण देश के विभिन्न राज्यों से लोग मेरे संसदीय क्षेत्र में रोजगार हेतु निवास करते हैं ।

महोदया, यह संसदीय क्षेत्र पश्चिम बंगाल राज्य के साथ सीमा साझा करता है । चिड़ियाघर धनबाद संसदीय क्षेत्र में स्थापित होने से झारखंड राज्य के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के निवासी भी इस चिड़ियाघर के भ्रमण का लाभ उठा सकेंगे ।

महोदया, धनबाद संसदीय क्षेत्र में यह चिड़ियाघर स्थापित करने से स्थानीय निवासियों, प्रवासी कामगारों और उनके परिवारों के लिए आकर्षण का एक केन्द्र बनेगा और इसके साथ-साथ इससे इस क्षेत्र के पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा ।

अत: मेरा आपके माध्यम से माननीय पर्यावरण मंत्री जी से आग्रह है कि धनबाद संसदीय क्षेत्र में चिड़ियाघर शीघ्र खोले जाने के लिए उचित कार्रवाई करने की करें । मैंने माननीय मंत्री जी से इसके लिए व्यक्तिगत रूप से आग्रह भी किया है ।

माननीय सभापति **:** श्री के. नवासखनी ।

? (व्यवधान)